egkRek xk/kh vrjjk"Vh; fgnh fo'ofo|ky;] o/kk ¼egkjk"V½
¼lIn }kjk ikfjr vf/kfu;e 1997] Øekd 3 d vUrxr LFkkfir dnh; fo'ofo|ky;½
Mahatama Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya,Wardha
(**A Central University** Established by Parliament by Act No.3 of 1997)

दिनांक : 15.02.2019

भाषा एक प्रवाह : न्यायमूर्ति सुधीर नारायण

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय,वर्धा के क्षेत्रीय केंद्र ,इलाहाबाद में मानव संसाधन विकास मंत्रालय ,नई दिल्ली ,भारत सरकार के पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक तथा शिक्षण अभियान (TLCHS) के अंतर्गत संचालित हिंदी शिक्षण अधिगम केंद्र द्वारा 15 से 21 फरवरी-2019 तक आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन इलाहाबाद उच्च न्यायालय के **प्रख्यात पूर्व न्यायाधीश श्री सुधीर नारायण** जी तथा विश्व हिंदी सचिवालय के पूर्व महासचिव डॉ. राजेन्द्र प्रसाद मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया | इस अवसर पर केंद्र प्रभारी डॉ. विधु खरे दास ,डॉ.प्रकाश त्रिपाठी ने भी दीप प्रज्ज्वलित कर किया | तत्पश्चात केंद्र की प्रभारी डॉ. विधु खरे दास,सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. प्रकाश त्रिपाठी , अनुभाग अधिकारी श्री शम्भू दत्त सती एवं डॉ. कमलेश यादव ने मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सुधीर नारायण तथा मुख्य वक्ता डॉ.राजेन्द्र प्रसाद मिश्र जी को पुष्पगुच्छ,अंगवस्त्रम,प्रतीक चिन्ह देकर उनका स्वागत किया | केंद्र की प्रभारी डॉ. विधु खरे दास ने स्वागत भाषण दिया | केंद्र के सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. प्रकाश त्रिपाठी ने केंद्र के बारे में तथा सात दिन तक चलाने वाली कार्यशाला का विषय विस्तार से बताया |

कार्यशाला का विषय **हिंदी का वैश्विक स्वरुप / विश्वव्यापी हिंदी** था | सबसे पहले मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सुधीर नारायण ने अपने वक्तव्य में कहा कि – 'भाषा एक प्रवाह है जो समय तथा जगह के साथ बदलता रहता है | शब्द भाषा के प्राण हैं ,तथा नित्य प्रति प्रयत्न करते रहने से अच्छा और प्रभावशाली लेखन किया जा सकता है | सरल था प्रचलित शब्दों का प्रयोग भाषा को रोचक बनाता है तथा अन्य भाषाओँ के शब्दों को सीधे एवं बड़ी मात्रा में स्वीकार करना भाषा विकास की प्रक्रिया को बाधित करता है |' इसी प्रकार कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. राजेन्द्र प्रसाद मिश्र ने **'हिंदी का वैश्विक स्वरुप / विश्वव्यापी हिंदी' विषय पर अपना व्याख्यान दिया |** डॉ. मिश्र ने कहा कि ' भाषा आपको संस्कृति प्रदान करती है | भाषा के नष्ट हो जाने पर संस्कृति खुद नष्ट हो जाती है तथा हम किसी भी भषा को किसी भी लिपि में लिख सकते हैं| इसी बीच मुख्य अतिथि ने प्रतिभागियों का परिचय लिया | उन्होंने सभी विश्व हिंदी सम्मेलनों की चर्चा की | कार्यक्रम में देश के विभिन्न प्रदेशों से प्रतिभागी उपस्थित हुए | ध्यातव्य है कि केंद्र की प्रभारी डॉ. विधु खरे दास कार्यक्रम की संयोजक हैं तथा सह संयोजक डॉ. प्रकाश त्रिपाठी हैं| **कार्यक्रम के अंत में पुलवामा में शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि देकर दो मिनट का मौन रखा गया | आज का कार्यक्रम पुलवामा में शहीद देश के सपूतों के नाम रहा** | कार्यक्रम का संचालन केंद्र के सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. प्रकाश त्रिपाठी ने किया | धन्यवाद ज्ञापन डॉ.कमलेश यादव ने किया |

{ks=h; dsn
24@28&ljktuh uk;M ekx] flfoy ykbUl] bykgkckn&211001] m.i . Hkkjr
Qku ,o QDl % 0532&2424442] ek- 09415763046 bey% ard.mgahv@gmail.com oclkbV % hindivishwa.org

कार्यक्रम का उद्घाटन करते न्यायमूर्ति सुधीर नारायण

न्यायमूर्ति सुधीर नारायण जी को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत करती केंद्र प्रभारी डॉ. विधु खरे दास

मंच पर डॉ.राजेन्द्र प्रसाद मिश्र ,डॉ. विधु खरे दास ,डॉ.प्रकाश त्रिपाठी तथा वक्तव्य देते न्यायमूर्ति सुधीर नारायण

डॉ.राजेन्द्र प्रसाद मिश्र अपना वक्तव्य देते हुये

egkRek xk/kh vrjjk"Vh; fgnh fo'ofo|ky;] o/kk ¼egkjk"V½
¼lln }kjk ikfjr vf/kfu;e 1997] Øekd 3 d vUrxr LFkkfir dnh; fo'ofo|ky;½
Mahatama Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya,Wardha
(**A Central University** Established by Parliament by Act No.3 of 1997)

इलाहाबाद केंद्र में उपस्थित प्रतिभागी एवं श्रोतागण

कार्यक्रम का संचालन करते डॉ. प्रकाश त्रिपाठी

{k=h; dn
24@28&ljktuh uk;M ekx] flfoy ykbUl] bykgkckn&211001] m.i . Hkkjr
Qku ,o QDl % 0532&2424442] ek- 09415763046 bey% ard.mgahv@gmail.com oclkbV % hindivishwa.org

पुलवामा में शहीद सैनिकों के प्रति श्रद्धांजलि देते सभी प्रतिभागी तथा केंद्र के कर्मी